Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 11-08-2005

Participants : Yadav Shri Ram Kripal

>

Title : Need to provide remunerative prices to Onion growers of Patna, Bihar .

श्री राम कृपाल यादव : अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्ति करना चाहता हूं कि पटना जिला सहित पूरे बिहार में बड़े पैमाने पर प्याज़ का उत्पादन होता है। मेरे यहां किसानों की रोज़ी-रोटी का मूल आधार प्याज है। पिछली एन.डी.ए. सरकार के समय जरूरत से ज्यादा प्याज होने पर उसे विदेशो में जो भेजा जाता था जिसे अब बंद कर दिया गया है। बांग्लादेश आदि देशों में निर्यात करने से किसानों को प्याज का बढ़िया दाम मिलता था। आज किसानो द्वारा उत्पादित प्याज सड़ रहा है क्योंकि खरीदार नहीं है । इसलिये मैं निवेदन करूंगा कि जो पूर्व में व्यवस्था थी, बांग्लादेश आदि देशों में प्याज का निर्यात किया जाता था, उस बंदिश को समाप्त कर दिया जाये। मैं वाणिज्य मंत्री जी से नि वेदन करूंगा कि वह इस ओर ध्यान दें और जो रोक लगाई गई है,उसे ओपन किया जाये ताकि किसान अपना प्याज विदेशों में भेजकर अपनी खराब आर्थिक व्यवस्था को दूर कर उसे सुदृढ़ कर सकें।